# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 05 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 21 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# 3 हज़ार किलो बीज रोके जाने का आरोप

## बिजोलिया में कागज़ों में योजना, ज़मीनी हकीकत में कटौती : तिलहन बीज वितरण में किसानों से छल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

सरकार की बहुप्रचारित नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल–तिलहन योजना का उद्देश्य देश को खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के तहत बिजौलिया ब्लॉक में लघु एवं सीमांत किसानों को सोयाबीन बीज (JS-20116) का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं।

शुक्रवार को बिजोलिया कृषि विभाग के उदयलाल कोली ने प्रेस नोट जारी कर बताया की, इस योजना में किसानों को जमाबंदी की नकल के आधार पर प्रति हेक्टेयर 80 किलो बीज दिया जाना है । योजना के तहत 300 क्विंटल बीज का आवंटन किया गया है, जिसका वितरण ऊपरमाल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के ज़रिए किया जा रहा है।

### जमीनी सच्चाईः किसानों को कम मात्रा में दिया बीज -

बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल गोविंद निवास निवासी हीरालाल धाकड़ ने बताया की ÷मेरे पास ढाई हेक्टेयर भूमि है, लेकिन मुझे सिर्फ 50 किलो बीज ही मिला। नियमानुसार मुझे बीज नहीं दिया गया है । इसी तरह गोपालपुरा के भागीरथ कराड़ और गोविंद निवास के नारायण धाकड़ ने भी कम बीज दिए जाने की शिकायत की है।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को आयोजित वितरण कार्यक्रम में करीब 100 किसानों को बीज वितरित किया गया, लेकिन उसमें भी लगभग 3,000 किलो बीज का वितरण रोका गया या अधूरा रह गया।

### अधिकारी बोले - "शनिवार को दे देंगे बकाया बीज -

ऊपरमाल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ प्रमोद कुमार धाकड़ ने शिकायतों को स्वीकार करते हुए कहा की आपके बताने पर शनिवार को जिन किसानों को कम बीज मिला है, उन्हें वापस बुलाकर बकाया बीज दे दिया जाएगा।

### नोडल अधिकारी का गैर-जिम्मेदाराना बयान :

ब्लॉक नोडल सहायक कृषि अधिकारी उदयलाल कोली ने कहा की ÷मेरी निगरानी में बीज वितरण हुआ है। एक हेक्टेयर पर 80 किलो



बिजोलिया : बीज वितरण करते नोडल अधिकारी एवं सीईओ

और आधे पर 40 किलो बीज देना तय है। अगर किसी को कम मिला है तो उन्हें शनिवार को बुलाकर दे देंगे। मैंने नियमानुसार बीज वितरण के लिए ऊपरमाल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ को भी कहा है ।

लेकिन जब उनसे यह पूछा गया कि किसानों को दोबारा बुलाकर वितरण करने से असुविधा क्यों दी जा रही है, तो उनका जवाब चौंकाने वाला था– उन्होंने कहा मेरे रिटायरमेंट में सिर्फ एक महीना बचा है, कृपया ऐसी खबर मत चलाइए।

यह बयान एक सरकारी अधिकारी की जवाबदेही और संवेदनशीलता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### जिला कृषि विभाग आया हरकत में -

जब यह मामला भीलवाड़ा कृषि विभाग के सहायक निदेशक विनोद कुमार जैन के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा अगर किसानों को कम बीज दिया गया है, तो शनिवार को जांच के लिए अधिकारी भेजा जाएगा। यदि अनियमितता पाई गई तो दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल हाईवे 48 पर चलते ट्रेलर में भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

### बेंगलुरु से जम्मू जा रहा था ट्रेलर, फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पाया कड़ी मशक्कत से काबू



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित रायला थाना क्षेत्र के संगम मिल के समीप शुक्रवार सुबह एक चलती ट्रेलर में अचानक आग लग गई। ट्रेलर में पंखों का माल लदा हुआ था, जो बेंगलुरु कर्नाटक से जम्मू-कश्मीर भेजा जा रहा था। आग लगने की घटना के बाद चालक ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रेलर को रोका और कूदकर अपनी जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेलर संगम मिल के पास पहुंचा, चालक को वाहन से धुएं की गंध और चिंगारी उठती दिखाई दी। खतरे को भांपते हुए उसने तुरंत ट्रेलर को सड़क किनारे रोका और शीशा तोड़कर बाहर छलांग लगाई। कुछ ही पलों में ट्रेलर आग की चपेट में आ गया और पूरी तरह धधक उठा।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक ट्रेलर और उसमें लदा सारा माल जलकर राख हो चुका था। आगजनी के चलते हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया। रायला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु करवाया। फिलहाल आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## एनएच-27 पर दो सड़क हादसे, चार घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर आरोली के नजदीक शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। हादसे अज्ञात वाहनों की टक्कर के कारण हुए, जिनमें एक बाइक और एक कार को नुकसान पहुंचा। घायलों को हाइवे की एंबुलेंस की सहायता से उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

पहला हादसा उपखंड क्षेत्र के आरोली निवासी गोपाल बारेठ (50) एवं उनकी



पत्नी गोपाली (45) के साथ हुआ। वे बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।


दूसरे हादसे में जयपुर निवासी नितिन (22) और राम सिंह (35) घायल हो गए, जो एक कार में यात्रा कर रहे थे। अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे वाहन असंतुलित होकर सड़क किनारे जा रुका।

दोनों घटनाओं की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहनों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रानी बाग क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया टेम्पो, दो लोग कूदकर बचे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**( मानव तिवाड़ी )** । नगर के रानी बाग क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा उस समय हो गया, जब 11 हजार केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से एक टेम्पो में अचानक करंट दौड़ गया। घटना में टेम्पो में सवार दो व्यक्ति झुलस गए, जबकि वाहन आग की लपटों में घिरकर जलकर खाक हो गया। दुर्घटना के दौरान शंकरलाल पुत्र मांगीलाल नायक निवासी चारण माता के पास और प्रभुलाल पुत्र नंदालाल खटीक टेम्पो में सवार थे। जैसे ही करंट दौड़ा, दोनों ने जान की परवाह किए बिना टेम्पो से कूदकर अपनी जान बचाई, फिर भी वे झुलसने से नहीं बच सके। दोनों को तत्काल उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां



बिजोलिया - करंट प्रवाहित होने के बाद टेम्पो में लगी आग

उनका उपचार चल रहा है।

हैड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने बताया कि टेम्पो में सवार युवक फर्शी के काम से जा रहे थे इस दौरान रानी बाग में 11 हजार केवी की बिजली लाइन के संपर्क में आ गए , जिससे वाहन में तेज करंट फैल गया और आग लग गई। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच में जुटी है, वहीं



बिजली विभाग भी जाँच कर रही है । स्थानीय लोगों ने इस क्षेत्र में झूलती बिजली लाइनों को लेकर पहले भी शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ, जिससे इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## बिना लाइसेंस के ब्याज (साहूकारी) पर रुपए देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में अवैध रूप से ब्याज पर रुपए देने (साहूकारी) के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पुलिस ने बताया है कि राजस्थान साहूकार अधिनियम 1963 के तहत बिना लाइसेंस के किसी भी व्यक्ति को ब्याज पर रुपए देने का कार्य करना गैरकानूनी है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति बिना लाइसेंस के आमजन से ब्याज पर पैसा वसूल कर रहा है, वह भारतीय दंड संहिता 2023 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में, बिना लाइसेंस ब्याज वसूली करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस ने बताया है कि जिले में कई व्यक्ति कमजोर, मजदूर, मध्यम आयवर्गीय परिवारों से जुड़ी जरूरतमंद जनता को जल्द पैसों का लालच देकर उन्हें ऊँचे ब्याज पर ऋण देते हैं और फिर अत्यधिक ब्याज दर व दबाव के माध्यम से मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न करते हैं। यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस ब्याज पर पैसा देने का कार्य करता है या किसी को जबरन वसूली व ब्याज के दबाव में परेशान करता है, तो तत्काल पास के पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं या पुलिस नियंत्रण कक्ष 01482-232011 , व्हाट्सएप 87648-57492 , ऑफिस कंट्रोल रूम 01482-232675 एवं व्हाट्सएप 87648-57007 के नंबरों पर संपर्क करें ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मालासेरी डूंगरी में होगा भव्य आयोजन, 1111 लोग करेंगे सामूहिक योगाभ्यास

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर होगा आयोजन, महिलाओं में उत्साह



आसिन्द- योग दिवस को लेकर तैयारियाँ करते हुए

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर आसींद क्षेत्र स्थित भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय और राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राज्यभर के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर योग दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में मालासेरी में भी बड़े स्तर पर तैयारी चल रही है।

भगवान श्री देवनारायण मंदिर परिसर में लगातार सातवें दिन भी योग अभ्यास का आयोजन हुआ। मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि योग दिवस पर करीब 1111 लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने आमजन से योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं, और यह जीवनशैली का जरूरी हिस्सा बनना चाहिए।÷

इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों और महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। योगाभ्यास कार्यक्रम में महिलाओं की ऐतिहासिक भागीदारी रही है। आयोजन स्थल पर रोजाना सुबह योग प्रशिक्षण सत्रों में बड़ी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं। आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ कम्पाउंडर सुरेश चंद्र पारीक ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य÷ की थीम पर मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योग सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, बल्कि पर्यावरण और समाज के सामूहिक कल्याण का माध्यम बन चुका है।

इस विशेष योग दिवस कार्यक्रम में शक्ति के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भाग लेंगे। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए सुरक्षा, पेयजल और छाया की व्यवस्थाएं भी मंदिर समिति द्वारा की जा रही हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन अब शांति भवन में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम जिसकी थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' का आयोजन 21 जून को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चित्रकुट धाम नगर निगम में सुनिश्चित था जो कि परिवर्तित किया जाकर शांति भवन, जैन स्थानक मुख्य डाकघर के पास आयोजित होगा। जिला कलक्टर ने सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों को तय स्थान पर समय से पहुचने के निर्देश दिये साथ ही आमजन को ज्यादा से ज्यादा सहभागिता बढाने की अपील की। उन्होंने नोडल अधिकारी को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

# अपना कचरा, अपनी जिम्मेदारी' अभियान के तहत रोडवेज बस स्टैंड पर नगर पालिका ने किया श्रमदान



बिजोलिया - सफाई करते ईओ एवं कर्मचारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

नगर पालिका द्वारा अपना कचरा, अपनी जिम्मेदारी अभियान के तहत शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैंड परिसर में श्रमदान किया । लंबे समय से जमा कचरे को हटाने के लिए नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारियों ने स्वयं झाड़ू उठाई और सफाई का जिम्मा संभाला।

गत डेढ़ माह से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बस स्टैंड परिसर में गंदगी का अंबार लग गया था। यात्रियों और दुकानदारों को भारी असुविधा हो रही थी। स्थिति को देखते हुए नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी ने परिसर की सफाई करते हुए स्थानीय बैंकों के कर्मियों को परिसर में कचरा नहीं डालने की सख्त हिदायत दी और उन्हें इस संबंध में पाबंद भी किया। अधिशासी अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा डालने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि सफाई केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है।

# ग्राम्य स्पंदन को समझे बिना पत्रकारिता अधूरी

## ग्रामीण पत्रकार ही समूची पत्रकारिता का मेरूदंड

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

पत्रकारिता के इस बदलते दौर में जब तकनीक, व्यावसायिकता और चकाचौंध का बोलबाला है, तब भी ग्रामीण पत्रकारिता की प्रासंगिकता, सार्थकता और आवश्यकता पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता। भले ही शहरों की गलियों में मीडिया हाउसों की कतारें हों, पर गांव की चौपाल से निकली आवाज आज भी समाज की असली नब्ज को स्पर्श करती है।

### ग्राम्यांचल की अनदेखी, अधूरी पत्रकारिता--

आज संचार के साधन तेज गति से उन्नति कर रहे हैं। डिजिटल मीडिया का युग है। लेकिन इस तकनीकी तरक्की के बीच गांव कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। चेनलों पर हाई-डेफिनिशन वीडियो, एंकरिंग की भव्यता और बहसों के मंच सजे हैं, परंतु गांव के कुएं सूख रहे हैं, स्कूलों की छतें गिर रही हैं और किसानों की फसलें संकट में हैं। इन सबके चित्रण की जिम्मेदारी अब भी ग्रामीण पत्रकारों के कंधों पर है।

ग्रामीण पत्रकार वह संवेदनशील आवाज है, जो बिना किसी संसाधन, बिना किसी कैमरा टीम के, बस अपने कलम और कंधे के भरोसे गांव के दर्द को दुनिया तक पहुंचाता है। यह पत्रकारिता 'टीआरपी' के नहीं, 'जन सेवा' के भाव से प्रेरित होती है।

### इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की चकाचौंध में गांव की पीड़ा--

आज स्थिति यह हो गई है कि राष्ट्रीय समाचार चेनल भी अब गांवों की तरफ लौटने को विवश हो रहे हैं। कारण है ग्रामीण भारत की असली ताकत। चाहे चुनाव का समय हो, या कोई महामारी हर बार शहरों से पहले गांव की ओर कैमरे मुड़ते हैं। पर क्या कैमरे का मुड़ना ही पर्याप्त है? नहीं। असल जरूरत है वहां के जीवन, संघर्ष, परंपरा, संस्कृति और चेतना को समझने और उसे निष्पक्षता से प्रस्तुत करने की।




### संवेदना से सज्ज, समर्पण से प्रेरित यही है ग्रामीण पत्रकार---

गांव में रहकर वहां की नब्ज को समझने वाला ही पत्रकार असली पत्रकार होता है। खेत की मेड़ पर खड़ा किसान, स्कूल जाते बच्चे, चौपाल पर चर्चा करते बुजुर्ग, और मंदिरों की घंटियों के बीच की भावनाएं यह सब सिर्फ वही पत्रकार समझ सकता है जो गांव की मिट्टी में पला-बढ़ा हो।

शहरों की चकाचौंध ने गांवों को आकर्षित जरूर किया है, लेकिन वहां की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि गांव में सड़क, पानी, बिजली और शिक्षा जैसे मूलभूत मुद्दे हैं तो इसका सीधा अर्थ है कि विकास पत्रकारिता को और अधिक मजबूत किए जाने की आवश्यकता है।

### ग्रामीण पत्रकारिता, आत्मा है लोकतंत्र की--

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। लेकिन अगर इस स्तंभ की जड़ें गांवों में नहीं हैं, तो यह खोखला है। शहरी पत्रकारिता केवल आवरण है, जबकि ग्रामीण पत्रकारिता उसकी आत्मा है। देश की अधिकांश आबादी आज भी गांवों में रहती है, तो क्या उनकी आवाज को नजरअंदाज कर हम एक पूर्ण लोकतंत्र की कल्पना कर सकते हैं?

### प्रेरणा स्रोत ग्रामीण पत्रकारिता के आदर्श--

भारत में कई ऐसे नाम हैं जिन्होंने ग्रामीण पत्रकारिता को गौरव प्रदान किया है। स्व. विशनसिंह शेखावत, दुर्गाप्रसाद चोधरी और कर्पूरचंद कुलिश भीलवाड़ा के डा शिवकुमार त्रिवेदी व दयाराम मेठानी जैसे दिग्गजों ने जिस जमीनी पत्रकारिता की नींव रखी, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। भीलवाड़ा जिले के भंवर मेघवंशी जैसे पत्रकार, जिन्होंने सरोजिनी नायडू पुरस्कार 2007 प्राप्त किया, यह सिद्ध करते हैं कि समर्पण, शोध, संपर्क और लेखनी से ग्राम्यांचल की व्यथा को उजागर किया जा सकता है। इस पुरस्कार में दो लाख रुपये की राशि के साथ यह संदेश भी है कि ग्रामीण पत्रकारिता को वैश्विक मंचों पर सम्मान मिल रहा है।

### मिशन नहीं, व्यवसाय बनती पत्रकारिता-

दुख की बात है कि आज पत्रकारिता का बड़ा हिस्सा मिशन से हटकर व्यवसाय बन गया है। मीडिया हाउसों का उद्देश्य अब सूचना देना कम, लाभ कमाना अधिक हो गया है। पर ग्रामीण पत्रकार आज भी मिशनरी भावना से कार्य करते हैं। उन्हें ना संसाधन मिलते हैं, ना ही वेतन का भरोसा, फिर भी वे मिट्टी से जुड़ी कहानियां लेकर सामने आते हैं।

### क्या चाहिए ग्रामीण पत्रकारों को?

**प्रशिक्षण-** ग्रामीण पत्रकारों को नए उपकरणों, तकनीकों और पत्रकारिता की बदलती शैली की जानकारी होनी चाहिए। सरकार व पत्रकार संगठनों को इस दिशा में सार्थक प्रयास करने चाहिए।

**संरक्षण-** उन्हें कानूनी और सामाजिक संरक्षण दिया जाना चाहिए। पत्रकार सुरक्षा कानून को गांव तक लागू करना चाहिए।

**प्रोत्साहन-** राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय पुरस्कारों में ग्रामीण पत्रकारों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

**संपर्क-** वरिष्ठ पत्रकारों से संवाद की व्यवस्था हो ताकि अनुभव व दृष्टिकोण साझा हो सके।

### मेरूदंड है ग्रामीण पत्रकार-

गांव की हर धड़कन को समझना, उसे शब्दों में पिरोकर समाज के सामने रखना, और सत्ता को आईना दिखाना, यही ग्रामीण पत्रकार की भूमिका है। यह पत्रकारिता सिर्फ खबरों तक सीमित नहीं है, यह एक चेतना है, जो गांव के लोगों की आवाज बनती है। इसलिए ग्रामीण पत्रकार को महज एक संवाददाता नहीं, बल्कि पत्रकारिता का मेरूदंड माना जाना चाहिए। जब तक हम ग्राम्य स्पंदन को नहीं समझेंगे, तब तक पत्रकारिता अधूरी ही रहेगी। इस अधूरेपन को पूर्ण करने की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। खासकर उन पत्रकारों के, जो गांव की मिट्टी में पले-बढ़े हैं और जिन्होंने कलम को हथियार बनाकर अपने गांव की पीड़ा, संघर्ष और स्वाभिमान को दुनिया तक पहुँचाने का प्रण लिया है।

लेखक मूलचन्द पेसवानी भी एक समर्पित ग्रामीण पत्रकार हैं, जो दशकों से गांवों की समस्याओं और चेतनाओं को अपने लेखन के माध्यम से स्वर देते आ रहे हैं।

# जहाजपुर में पहली बार आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय जैन शिक्षक कॉन्फ्रेंस, 300 से अधिक शिक्षकों ने लिया भाग






**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

स्वस्ति धाम अतिशय क्षेत्र, में परम विदुषी लेखिका व स्वस्ति धाम प्रणेत्री, काव्य रत्नाकर गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी के पावन सान्निध्य में प्रथम जैन शिक्षक कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से लगभग 300 से अधिक जैन शिक्षक , कॉलेज प्रिंसिपल, प्राध्यापक, प्रधानाचार्य, व्याख्याता और सेवानिवृत्त शिक्षको ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक धनराज जैन तथा सह संयोजक नेमीचंद जैन और बालकृष्ण जैन ने बताया कि यह आयोजन चार सत्रों में संपन्न हुआ।

### प्रथम सत्रः शिक्षा में शिक्षक की भूमिका -

इस सत्र में डॉ. अनुपम जैन ने ÷वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका÷ विषय पर संबोधन देते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज के डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सीए और वैज्ञानिकों के निर्माता हैं। उन्होंने ISRO, IIT, AIIMS, DRDO, DIFR ß IISC जैसी संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़ी जानकारी भी दी।

### द्वितीय सत्रः अल्पसंख्यक योजनाएं व छात्रवृत्तियां -

शिक्षाविद डॉ. सोनल जैन, प्रो. अनुपम जैन और जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, टोंक नितेश जैन ने अल्पसंख्यक विभाग की ओर से जैन समुदाय के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

### तृतीय सत्रः सोशल मीडिया और नैतिक शिक्षा-

प्रो. मोहित जैन ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से किस प्रकार बच्चों में सकारात्मक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है।

जयकुमार पाटनी और मनीष जैन ने जीतो संस्था द्वारा मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### चतुर्थ सत्रः संवाद और विमर्श -

इस सत्र में खुला अधिवेशन रखा गया जिसमें सभी शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए कि एक शिक्षक समाज, धर्म और नई पीढ़ी के चरित्र निर्माण में कैसे सक्रिय भूमिका निभा सकता है।

### जैन धर्म के सिद्धांतों पर हुआ मंथन -

सम्मेलन में यह बात प्रमुखता से उठाई गई कि जैन धर्म के सिद्धांत पूर्णतः वैज्ञानिक हैं, और उनका प्रचार-प्रसार शिक्षकों के माध्यम से नैतिक शिक्षा के रूप में होना चाहिए। मीडिया और तकनीक के माध्यम से इन्हें अधिक प्रभावी ढंग से कैसे पहुँचाया जाए, इस पर भी चर्चा हुई।

### व्यवस्थाओं में सहयोग-

कार्यक्रम का संचालन भानु कुमार जैन ने किया। पाली के राजेंद्र कुमार जैन ने पंजीकरण में विशेष सहयोग दिया। स्थानीय समाजसेवियों मनीष कुमार जैन, घनश्याम जैन, अंजू जैन, रुचिका जैन, राजू पोद्दार, राजू छाबड़ा, और नवीन टोंग्या ने भी सराहनीय भूमिका निभाई।

कॉन्फ्रेंस में बूंदी, जयपुर, कोटा, टोंक, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, अजमेर, बीकानेर, डूंगरपुर, करौली, पाली, प्रतापगढ़ आदि जिलों से शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में धनराज जैन, नेमीचंद जैन, बालकृष्ण जैन, राकेश कुमार जैन व हंसराज जी जैन ने सभी अतिथियों एवं सहभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## QUICK BITES

## युवा कवि ओम माली अंगारा को मिला राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**( पेसवानी )** नव उदय साहित्यिक संस्था की ओर से युवा कवि ओम माली अंगारा को कविश्री माखनलाल चतुर्वेदी साहित्य सम्मान 2025 से नवाजा गया। अतिथियों ने अंगारा को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। होटल रीगल ग्राण्ड अवधपुरी भोपाल मध्यप्रदेश में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें विश्वभर के 250 साहित्यकार, संगीतकार व कलाकारों का सम्मान किया गया। समारोह के दौरान हुए कवि सम्मेलन में ओम माली अंगारा ने अपनी रचना कहो सखी कैसे करूँ शृंगार प्रस्तुत की और खूब तालियाँ बटोरी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, फ़िल्म केरला स्टोरी के लेखक सूर्यपाल सिंह और विशिष्ट अतिथि के तौर पर एनएचएम के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शरद तिवारी, वित्त मंत्रालय के जॉइंट डायरेक्टर बासंती आढ्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम केंद्र सरकार के एमएसएमई डिपार्टमेंट के सहयोग से शिव्या जैन व ऋतु अग्रवाल के संयोजन में हुआ।

## जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग द्वारा योग सत्र आयोजित, योग को जीवनशैली में अपनाने का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पंकज पोरवाल)।** जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग और स्पोर्ट्स विंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार सुबह पाटौदी फार्म हाउस पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और नवकार मंत्र की आराधना से हुई।

योग प्रशिक्षक प्रकाश दोसाया (श्रीनाथ आर्ट ऑफ लिविंग) ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा, तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक है।

नीता बाबेल (लेडिज विंग चेयरपर्सन) ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य योग को जीवनशैली में शामिल करने का संदेश देना है। सत्र में सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित कई योग अभ्यास कराए गए। आयोजन में मीठालाल सिंघवी, मनीष शाह, अर्चना पाटोदी, सिद्धार्थ अजमेरा, सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वीटी नेनावटी, अंकिता भुरा और टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## ऊर्जा विभाग राज्यमंत्री एक दिवसीय भीलवाडा दौरे पर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** ऊर्जा विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री हीरालाल नागर शनिवार 21 जून को प्रातः 10 बजे भीलवाडा पहुंचेगे तथा जनप्रतिनिधियों एवं विभाग के अधिकारियों के साथ जिलास्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे । तत्पश्चात बीएमएस कार्यालय का उद्घाटन एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे। श्री नागर दोपहर 1 बजे भीलवाडा से अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# स्वच्छता के प्रति महिलाओं को किया जागरूक, पंपलेट वितरित कर दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (RUIDP) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा शुक्रवार को ज्योति नगर क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने क्षेत्र की महिलाओं को पंपलेट वितरित कर स्वच्छता का महत्व समझाया।

राणावत ने महिलाओं को जानकारी दी कि उनके घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाला मलजल अब टैंकरों के माध्यम से जहाजपुर रोड पर निर्माणाधीन एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) में ले जाया जाएगा, जहां इसका वैज्ञानिक तरीके से उपचार (ट्रीटमेंट) किया जाएगा। इससे पहले की तरह गंदगी और बदबू की समस्या नहीं होगी तथा वातावरण भी स्वच्छ रहेगा। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में घर और आसपास जलजमाव न होने दें, कूलरों की नियमित सफाई करें, क्योंकि गंदे पानी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को ई-श्रमिक कार्ड, सरकारी योजनाओं, और नगर परिषद द्वारा संचालित कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने जैसी बातों की जानकारी दी गई। साथ ही 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' का संदेश देते हुए स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।कार्यक्रम में किशन लोट और बालमुकुंद ने सहयोग प्रदान किया।

## जहाजपुर क्षेत्र में तीन दिन से जारी बारिश, किसानों में उत्साह का माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



**(संजू टाक)।** उपखंड क्षेत्र जहाजपुर में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने जहां आमजन को भीषण गर्मी और उमस से राहत पहुंचाई है, वहीं किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। मौसम में आई इस बदलाव से क्षेत्र में हरियाली की उम्मीदें जाग उठी हैं।

बारिश के बाद खेतों में नमी बढ़ने लगी है, जिससे मक्का, ज्वार, मूंगफली, उड़द सहित खरीफ की अन्य फसलों की बुवाई की तैयारी शुरू हो गई है। कृषि आदानों की मांग में तेजी आई है, और क्षेत्र की खाद-बीज दुकानों पर किसानों की भीड़ देखी जा रही है। किसान भवानी सिंह, गोपाल रैगर, मेवालाल रैगर, माधु भील और नारायण रैगर ने बताया कि अब तक हुई वर्षा बुवाई के लिए पर्याप्त मानी जा सकती है। उन्होंने बताया कि खाद और बीज की खरीदारी कर ली गई है, और अब केवल खेतों में पानी उतरने का इंतजार है। जैसे ही मौसम थोड़ा साफ होता है, बुवाई का काम शुरू कर दिया जाएगा। क्षेत्र में इस समय कृषि गतिविधियों की रफ्तार तेज हो रही है और ग्रामीण इलाकों में एक नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है।

# विधायक गोपाल शर्मा के जन्मदिवस पर क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास, हुआ भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़





विधायक गोपाललाल शर्मा के जन्मदिवस पर शुक्रवार को माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों और नगर क्षेत्रों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह विधायक शर्मा का पारंपरिक राजस्थानी पगड़ी, स्मृति चिन्ह और मालाओं से सम्मान कर अभिनंदन किया।

बीगोद, लाडपुरा, बिजौलिया, महुआ, मेनाल सहित विभिन्न गांवों में हुए आयोजनों में विधायक शर्मा ने भाग लिया और क्षेत्रवासियों को समर्पित रहते हुए चहुंमुखी विकास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर माण्डलगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बनने वाले ÷माण्डलगढ़ से गोठ वाया गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सड़क मार्ग÷ का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपाललाल शर्मा, पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, पार्षद अनिता सुराणा, अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके पश्चात सभी जनप्रतिनिधियों ने पंचायत समिति की बैठक में भाग लिया, जहां माण्डलगढ़ क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी गई। सांसद दामोदर अग्रवाल ने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार से अधिकाधिक बजट स्वीकृत करवाकर जिले में विकास की गंगा बहाई जाएगी। इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च कर जिले को विकास के नए आयामों से जोड़ने का संकल्प लिया गया है।

विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार विधानसभा क्षेत्र में मांग के अनुसार विकास कार्यों को गति दे रही है और जनता को हर स्तर पर लाभ पहुंचाया जा रहा है।

बैठक से पूर्व पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा और बीडीओ संगीता व्यास द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, उपजिला प्रमुख शंकरलाल गुजर, पंसस सत्यनारायण मेवाड़ा, उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, एडवोकेट ऋतुराज सिंह राठौड़ सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चिकित्सा संस्थानों में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर शपथ कार्यक्रम आयोजित

## जल का संरक्षण हमारी संस्कृति, स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा का आधार हैः डॉ. सीपी गोस्वामी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



(पंकज पोरवाल) - जल ही जीवन है, इस मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए जिले में चलाए जा रहे ÷वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान ÷ के अंतर्गत जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में शुक्रवार को व्यापक स्तर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के समस्त राजकीय चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों सहित समस्त संस्थानों में कार्मिकों को जल की एक-एक बूंद के महत्व को समझाते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारियों व स्वास्थ्य कार्मिकों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे न केवल अपने कार्यस्थलों पर बल्कि घर एवं समाज में भी जल के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करेंगे, जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाएंगे और जन-जन को इसके प्रति जागरूक करेंगे। जल का संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा का आधार है। इस अभियान के अंतर्गत जल के दुरुपयोग को रोकने, वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को संरक्षित करने जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने और इसके लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन के तहत चिकित्सा संस्थानों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक यह अभियान चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सा विभाग की सक्रिय भागीदारी रही है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु स्वास्थ्य शिविरों, गोष्ठियों एवं प्रचार माध्यमों का अधिकतम उपयोग किया जा रहा है।

# सत्य, ईमानदारी और समानता से ही समाज की उन्नति संभव :पूर्व मंत्री रामलाल जाट

## जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी के प्रतिभा सम्मान समारोह धरोहर-2025 में उभरी नई ऊर्जा




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



( पेसवानी ) भीलवाड़ा शहर के नगर निगम परिसर स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह धरोहर-2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में समाज की 192 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं तथा नव चयनित सरकारी कर्मचारी शामिल रहे।

समारोह का शुभारंभ पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व विधायक डॉ. बालूराम चैधरी, वैद्य हंसराज चैधरी, डीटीओ रामकृष्ण चैधरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा माता सरस्वती व तेजाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत सोसायटी अध्यक्ष धीरज चैधरी सहित अन्य सदस्यों ने उपरणा ओढ़ाकर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है, और यह समाज के हर वर्ग को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, सत्य, ईमानदारी और समानता से ही समाज की उन्नति संभव है। शिक्षित महिला परिवार की रीढ़ होती है, जो सामाजिक और सांस्कृतिक मजबूती भी लाती है।उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने व संस्कारवान बनने की सलाह दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक डॉ. बालूराम ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को समान अवसर दें ताकि वे अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें और समाज के उत्थान में योगदान दे सकें।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अदिति ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण जरूरी बताया और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी पर जोर दिया।

नगर निगम आयुक्त हेमाराम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की ऊर्जा को दिशा देने का कार्य करते हैं। वैद्य हंसराज ने समाज में फैली कुरीतियों को हटाने और वृक्षारोपण पर बल दिया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट ने कहा कि यह कार्यक्रम अब हर वर्ष आयोजित किया जाएगा ताकि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके।

सहायक आचार्य शिवराज ने विद्यार्थियों को अपनी कमियों को पहचानने और सुधारने की सलाह दी। समारोह को नरेन्द्र, मधुबाला जाट, माया जाट, रामप्रसाद जाट, लक्ष्मण जाट, डॉ. सुनीता बेनीवाल सहित अनेक वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

धीरज ने सोसायटी की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच केवल सम्मान का नहीं, बल्कि प्रेरणा और मार्गदर्शन का केंद्र भी है। उन्होंने समाज के महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। समारोह का संचालन सुमित्रा जाट व डॉ. ज्ञानी जाट ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अध्यापक हरप्रकाश जाट ने किया। कार्यक्रम में करण, ओमप्रकाश जाट, डालचंद जाट, प्रकाश जाट, नारायण जाट, लक्ष्मीलाल जाट सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक सुधार का संदेश -**

समारोह में हरीश पंवार एवं धीरज की टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का अनूठा संदेश दिया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।

**महापौर व आयुक्त का अभिनंदन**

समारोह में नगर निगम महापौर राकेश पाठक एवं आयुक्त हेमाराम का भी स्वागत किया गया। जाट समाज के छात्रावास में हॉल निर्माण के लिए महापौर द्वारा 22 लाख रुपए के कार्यादेश जारी करने पर समाजजनों ने उनका आभार व्यक्त किया। महापौर पाठक ने कहा कि वे समाज के हर विकासात्मक कार्य में सदैव साथ हैं।

## QUICK BITES

### प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, यहां लगेंगे शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा ।** प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 23 जून को पंचायत समिति जहाजपुर की ग्राम पंचायत खजूरी के ग्राम झीकरी ग्राम में, ग्राम पंचायत किशनगढ के ग्राम किशनगढ, छाछिया चांदोला व सुजानपुरा में, पंचायत समिति शाहपुरा के ग्राम पंचायत माताजी का खेडा के ग्राम टोपा - नयागांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कोटडी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बोरडा के ग्राम ढण्ड का खेडा, बोरडा में, ग्राम पंचायत कांकरोलिया घाटी के ग्राम काकरोलिया घाटी, गंधेरी व भैरू खेडा में, ग्राम पंचायत आकोला के ग्राम आकोला, होलीरडा में तथा पंचायत समिति बिजौलिया की ग्राम पंचायत सुखपुरा के ग्राम खडीपुर में शिविर लगेगा।

### सिंधी राजपत्रित अधिकारियों का सम्मान समारोह 22 जून को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**(पेसवानी)** सिंधी एम्पलाईज वेलफेयर सोसाइटी भीलवाड़ा के तत्वावधान में सिंधी राजपत्रित अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। संस्था के हरिकिशन टहल्यानी ने बताया कि यह समारोह 22 जून रविवार को 5:30 बजे संत कंवरराम धर्मशाला सिंधु नगर में होगा। अध्यक्ष अंबालाल नानकानी ने बताया कि इस सम्मान समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन का सानिध्य प्राप्त होगा।

### गोरधा में आयोजित जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं का मिला प्रत्यक्ष लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी (अजमेर)



प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोरधा में भव्य जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला। शिविर में उपखंड अधिकारी सुभाष हेमानी, भाजपा जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, सरपंच पपीता देवी मीणा सहित कई विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन, पोषण अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्ड, मनरेगा में जॉब कार्ड, पशुपालन विभाग की एनएलएम योजना में सहायता, पीएम किसान निधि की राशि, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड और विद्युत कनेक्शन जैसी सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विभिन्न विभागों के समन्वय से लाभार्थियों को सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराकर सरकारी योजनाओं की ज़मीनी पहुँच को मजबूत किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर में बनी पौध नर्सरी का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया।

शिविर के दौरान जनसुनवाई का आयोजन भी किया गया, जिसमें अधिकारीगण ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। यह शिविर न केवल सरकारी योजनाओं का वितरण केंद्र बना, बल्कि जन संवाद और भरोसे का मंच भी साबित हुआ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890